# राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में आयोजित की जाने वाली संस्था स्तरीय काउंसिलिंग (SPOT COUNSELLING) सूचना।

## हाई स्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को डिप्लोमा कोर्स में सीधे प्रवेश "पहले आओ पहले पाओ" के अनुसार।

**जीप–2025 रैंकधारियों/पाठ्यक्रमवार न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित अभ्यर्थियों के लिये मैरिट के आधार पर प्रवेश प्रारम्भ।**

**राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान में प्रवेश क्यों ?**

- उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित तीन वर्षीय पॉलीटेक्निक डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की कक्षा–12 (इण्टरमीडिएट) उत्तीर्ण की समकक्षता प्राप्त है।
- पॉलीटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को बीटेक पाठ्यक्रम में लैटरल ऐन्ट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्रदान किया जाता है, जिससे कि 10वीं उत्तीर्ण छात्र को डिप्लोमा के साथ–साथ बी0टेक0 06 वर्ष मे पूर्ण करने का सुनेहरा अवसर मिलता है।
- राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के विभागों में जूनियर इंजीनियर (कनिष्ठ अभियंता) के पदों के लिये डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी हेतु रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम– गेल, ओ0एन0जी0सी0, डी0आर0डी0ओ0, सेल, टी0एच0डी0सी0, भेल, एन0टी0पी0सी0, बी0एस0एन0एल0 आदि के साथ ही निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगों में भी रोजगार के प्रचुर अवसर उपलब्ध है।
- पूर्व के वर्षों में राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों से डिप्लोमा उत्तीर्ण लगभग 70 प्रतिशत छात्र विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों में अधिकतम 08 लाख प्रतिवर्ष के वेतन पर सेवायोजित हुये हैं।
- डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से स्टार्टअप/स्वरोजगार हेतु अनुदान में प्राथमिकता प्रदान की जाती है।

**"डिप्लोमा कोर्स में उपलब्ध सीटों का विवरण सम्बन्धित संस्थानों से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।"**

**प्रवेश हेतु संस्था स्तरीय काउंसिलिंग की तिथि**

| | | |
|---|---|---|
| पॉलीटेक्निक संस्थानों में सीटें रिक्त रहने की दशा में सीधे आवेदन /विकल्प दिये जाने की तिथि। | 01 अगस्त, 2025 से 14 अगस्त, 2025 तक (केवल कार्यदिवसों में/अवकाश को छोड़कर) प्रतिदिन। | प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आवेदन/विकल्प पत्र जमा करवाया जायेगा। आवंटन/चयन सूची का प्रकाशन अपराह्न 01.00 बजे संस्थान के नोटिस बोर्ड पर किया जायेगा तदोपरान्त अपराह्न 01.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करवाया जायेगा। |

विशेष नोटः– राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में यदि किसी भी डिप्लोमा कोर्स में सीटें रिक्त हैं तो अनिवार्य वांछित अर्हता धारित अभ्यर्थी **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर किसी भी डिप्लोमा कोर्स में सीधे प्रवेश ले सकते हैं।

विज्ञापन सं0 503 /उप्राशिप/जीप– 2025/काउं0सू0/2025–26 दिनांक 30/07/2025 सचिव

## उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्

**शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0), अपर आमवाला, देहरादून**